न्यायालय उपजिलाधिकारी छिबरामऊ, जनपद कन्नौज

वाद सं0 29 /2013

एस0जी0आर0 महाविद्यालय
यदुवंश नगर तालग्राम
प्रबन्धक अजयपाल सिंह

बनाम

सरकार

अ0धारा– 143 जैड0ए0एल0आर0एक्ट
मौजा– तालग्राम
परगना– तालग्राम
तहसील– छिबरामऊ

निर्णय

अजयपाल सिंह पुत्र रविनाथ सिंह निवासी सिविल लाइन्स फूॅस बंगला फतेहगढ जनपद फर्रूखाबाद प्रबन्धक एस0जी0आर0 महाविद्यालय यदुवंशनगर तालग्राम परगना तालग्राम तहसील छिबरामऊ, जनपद कन्नौज द्वारा प्रार्थनापत्र मय शपथपत्र प्रस्तुत किया गया है, कि खाता सं0 134 की गाटा संख्या 2882 मि0 रकवा 1.00एकड व खाता सं0 152 की गाटा संख्या 2882 मि0 रकवा 1.00 एकड कुल दो किता रकवा 2.00 एकड स्थित ग्राम तालग्राम परगना तालग्राम तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज प्रार्थी के नाम संक्रमणीय भूमिधर दर्ज अंकित है। उक्त भूमि पर महाविद्यालय भवन बना है उक्त भूमि पर आवेदक का कब्जा व दखल है। तथा उक्त आराजी एस0जी0आर0 महाविद्यालय के नाम अंकित है। उक्त भूमि पर कृषि आदि कार्य नहीं होता है, अतः उक्त भूमि को अकृषक घोषित किया जावे।

उपरोक्त विवेचना के आधार पर प्रार्थनापत्र की जॉच तहसीलदार छिबरामऊ से कराई गयी। तहसीलदार द्वारा अपनी आख्या दिनांक 24.01.2013 मय नजरी नक्शा सहित प्रेषित की गयी है। आख्यानुसार खाता सं0 134 की गाटा संख्या 2882 मि0 रकवा 1.00एकड व खाता सं0 152 की गाटा संख्या 2882 मि0 रकवा 1.00 एकड कुल दो किता रकवा 2.00 एकड स्थित ग्राम तालग्राम परगना तालग्राम तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज एस0जी0आर0 महाविद्यालय प्रबन्धक अजयपाल सिंह पुत्र रविनाथ सिंह के नाम संक्रमणीय भूमिधर है। उक्त भूमि पर एस0जी0आर0 महाविद्यालय की बिल्डिंग बनी हुयी है तथा मौके पर कृषि आदि कार्य नहीं होता है, उक्त भूमि को धारा 143 जमींदारी विनाश अधिनियम के अन्तर्गत अकृषक घोषित किये जाने हेतु तहसीलदार छिबरामऊ द्वारा संस्तुति की गयी है, अतः ऐसी स्थिति में उक्त भूमि को कृषि आदि कार्यो से असम्बद्ध प्रयोजनार्थ प्रयोग हेतु अनुमति दिया जाना उचित प्रतीत होता है।

आदेश

उपरोक्त विवेचना के आधार पर एस0जी0आर0 महाविद्यालय यदुवंश नगर तालग्राम परगना तालग्राम तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज द्वारा प्रबन्धक श्री अजयपाल सिंह पुत्र रविनाथ सिंह निवासी सिविल लाइन्स फूॅस बंगला फतेहगढ जनपद फर्रूखाबाद की भूमि स्थित ग्राम तालग्राम के खाता सं0 134 की गाटा संख्या 2882 मि0 रकवा 1.00एकड व खाता सं0 152 की गाटा संख्या 2882 मि0 रकवा 1.00 एकड कुल दो किता रकवा 2.00 एकड स्थित ग्राम तालग्राम परगना तालग्राम तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज को कृषि, बागवानी (जिसके अन्तर्गत मत्स्य सम्बर्द्धन तथा कुक्कुट पालन भी है) आदि कार्यो से असम्बद्ध प्रयोजनार्थ प्रयोग करने हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। नजरी नक्शा आदेश का अंग होगा। आदेश की प्रति तहसीलदार छिबरामऊ को नियमानुसार अभिलेखो में अमलदरामद हेतु व एक प्रति उपनिबन्धक छिबरामऊ को नियमानुसार भेजी जावे। बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली संचित अभिलेखागार की जावे।

(राजेन्द्र सिंह सेंगर)
उपजिलाधिकारी छिबरामऊ

6863
28-6-22

कार्यालय तहसीलदार छिबरामऊ, जिला कन्नौज

पत्रांक 123 / प्रमाणपत्र   दिनांक 2/7/22

स्वामित्व प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि एस0जी0आर0 महाविद्यालय यदुवंशनगर, तालग्राम, कन्नौज के नाम ग्राम तालग्राम देहात में गाटा सं0 2882घ रकवा 0.4050 हे0 (1.00 एकड़) गाटा सं0 2882झ रकवा 0.4050 हे0 (1.00 एकड़) कुल 0.8100 हे0 यानी 8100 वर्गमीटर(2.00 एकड) भूमि है जो एस0जी0आर0 महाविद्यालय समिति यदुवंशनगर, तालग्राम, कन्नौज के नाम लीजडीड है। जो समिति के पूर्ण स्वामित्व में उक्त गाटा संयुक्त रूप से एक ही स्थान पर है। जो मुख्य मार्ग पर स्थित है।

तहसीदार
छिबरामऊ

तहसीलदार
छिबरामऊ (कन्नौज)

Scanned with OKEN Scanner